मोहारा में रोड और नाली निर्माण के लिए... पृष्ठ 2 | शॉपिंग कांप्लेक्स के पाथवे पर... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


मंगलवार, 15 जुलाई 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 265, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## राजस्व निरीक्षक परीक्षा पर उठे सवाल, मूणत ने राजस्व मंत्री को घेरा, विपक्ष का वॉकआउट



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में मानसून सत्र के पहले ही दिन राजस्व निरीक्षक की विभागीय परीक्षा में गड़बड़ी का मामला सदन में गूंजा। भाजपा विधायक राजेश मूणत ने पूछा- इस मामले में गृह विभाग से जांच का क्या हुआ? दोषियों पर कार्रवाई कब होगी? कुल कितने परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए? राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जवाब में कहा- भर्ती होने से राजस्व विभाग को अमला मिल जाएगा और काम में सहूलियत होगी। पिछली सरकार के दौरान परीक्षा की प्रक्रिया शुरू हुई। लेकिन परीक्षा परिणाम आने के बाद शिकायतें हुईं तो 5 सदस्यीय टीम बनाकर हमने जांच कराई। जांच में परीक्षा में अनियमितता पाई गई है। भाई-भाई भी एक जगह बैठे पाए गए। सामान्य प्रशासन विभाग ने गृह विभाग को जांच के लिए पत्र लिखा, फिर गृह विभाग ने भी पत्र लिखा कि, सम्बंधित विभाग सक्षम है। इस मामले की जांच इओडब्ल्यू को सौंपी गई है, जांच शुरू हो गई है, हम किसी को नहीं बख्शेंगे। वास्तविक दोषी तक पहुंचकर कार्रवाई करेंगे, भारत माला परियोजना में गड़बड़ी की तरह इसकी भी जांच होगी। इसके बाद विधायक मूणत ने कहा- मंत्री को विभाग में आये 9 दिन भी नहीं हुआ था और परीक्षा ले ली गई. साली और जीजा, भाई-भाई एक साथ बैठे थे। अनियमितता जांच में पाई गई तो फिर कार्रवाई क्यों नहीं की गई? जबकि वरिष्ठ 5 अधिकारियों की टीम ने जांच की। इस पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई? विधायक के सवाल पर मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा- जांच कमेटी ने निष्कर्ष में कहा है कि, प्रस्तुत दस्तावेज साक्ष्य की श्रेणी में नहीं आता है। ये जरूर है कि, गड़बड़ी हुई है और जांच कमेटी ने स्वीकार किया है। लेकिन कॉल डिटेल निकालना है, इसमें इओडब्ल्यू जांच कर रही है। इस पर फिर से मूणत ने कहा- मंत्री आधा पढ़ रहे हैं, कहें तो रिपोर्ट सदन की पटल पर रख देता हूं, पिछली सरकार के हैं ये सभी घोटाले, चाहे पीएससी हो या कोई और। इस पर फिर से मंत्री वर्मा ने कहा- जो भी दोषी होगा उस पर ठोस कार्रवाई होगी, किसी को बख्शा नहीं जाएगा। तब विधायक मूणत ने कहा- क्या अगले सत्र से पहले दोषियों पर कार्रवाई कर देंगे? मंत्री ने जवाब में कहा, प्रयास रहेगा कि, अगले सत्र से पहले जांच पूरी कर कार्रवाई हो जाए। इसके बाद भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा- इओडब्ल्यू जांच का निर्णय किसने लिया? आपके विभाग में इओडब्ल्यू जांच हो ये फैसला किसका है? टंकराम वर्मा ने कहा- विभाग ने ही इओडब्ल्यू को जांच के लिए दिया है। तब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूछा- परीक्षा आपकी सरकार आने के बाद हुई या पहले। इसके जवाब में मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा- जनवरी 2024 में परीक्षा हुई और फरवरी में रिजल्ट आया। मंत्री के इस जवाब के बाद सदन में जोरदार हंगामा मच गया। विपक्ष के विधायकों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। विपक्ष के विधायकों ने भाजपा सरकार में गड़बड़ी होने का आरोप लगाया जिस पर पक्ष-विपक्ष में नोक-झोंक शुरू हो गई। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा- दोषियों को बचाने की कोशिश हो रही है। क्या सीबीआई से इसकी जांच कराएंगे?

## सावन का पहला सोमवार में कांवरियों द्वारा महेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया

### सांकर दाहरा से अच्छी बारिश और सुख समृद्धि के लिए 20 किमी की यात्रा



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** अच्छी बारिश और क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना को लेकर 20 किमी की यात्रा कर कर कांवरियों ने सांकर दाहरा से जल भरकर तपोभूमि स्थित महेश्वर महादेव का जलाभिषेक किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिवनाथ नदी के तट पर स्थित सांकरदाहरा से जल कांवड व कलश मे लेकर पैदल ही तपोभूमि स्थित महेश्वर महादेव पहुंचे। करीब 20 किलोमीटर की पदयात्रा कर श्रद्धालुओ ने रुद्राभिषेक किया। उसके बाद कावड़ियों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की। कवाडे सावन के प्रत्येक सोमवार को पदयात्रा कर तपोभूमि पहुंचते हैं। कावड़ियों का समिति ने किया स्वागत :- सावन माह में ग्राम पथरानवागाव, माटराखुज्जी, भरनाभाट, राघोनवागाव, अरजकुंड, मनकी, कलडबरी के श्रद्धालु शिवनाथ नदी का जल लेकर पैदल ही तपोभूमि पहुंचते हैं। महेश्वर महादेव मंदिर समिति के सदस्यों ने पदयात्री कवड़ियों का राघोनवागाव मे भव्य स्वागत किया। समिति के सदस्य व पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रप्रभा सुधाकर के नेतृत्व में कावड़ यात्रा की अगवानी की। सद्भाव और सौहाद्र की अनूठी मिसाल :- जत्थे मे शामिल भागवत साहू व मूलचंद चौधरी ने बताया कि दो वर्ष में ही तपोभूमि स्थित महेश्वर महादेव के प्रति ग्रामीणों में श्रद्धा बढी है। पदयात्रा के दौरान कावड़ियों में सद्भाव और सौहाद्र की अनूठी मिसाल देखने को मिली है। कांवड़ यात्रा में सूरजभान साहू, दीनू साहू, ब्रह्मगिरि गोस्वामी, निर्मला साहू, प्रेमलाल शामिल थे।

## राजनांदगांव पुलिस की बड़ी कार्रवाई ओडिशा से जुड़ा नशे का नेटवर्क बेनकाब

### 199 नशीली गोलियों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजे गए

**राजनांदगांव (नांदगाँव टाइम्स)** राजनांदगांव जिले में नशीली दवाओं के खिलाफ चलाए जा रहे




अभियान के तहत कोतवाली थाना और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 199 नग नशीली टेबलेट (Nitrosan 10 Nitrazepam) बरामद की है, जिसकी बाजार कीमत लगभग ?1560 आंकी गई है।

यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा और नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में की गई। कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक रामेन्द्र सिंह और साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार के नेतृत्व में यह संयुक्त ऑपरेशन सफल हुआ।

दिनांक 13 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन ऑटो स्टैंड के पास एक व्यक्ति भारी मात्रा में नशीली गोलियों की बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा है। इस पर कोतवाली और साइबर सेल की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी नील गिडलानी(उम्र 23 वर्ष, निवासी सिंधी कॉलोनी, लालबाग) को मौके से गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके पास से 199 नशीली टेबलेट बरामद की गई। पूछताछ में उसने बताया कि उसने ये गोलियां रविकांत सिंह राजपूत (उम्र 37 वर्ष, निवासी न्यू चंद्रा कॉलोनी) से खरीदी थीं।

पुलिस ने अगले दिन यानी 14 जुलाई को रविकांत सिंह को भी उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने कबूल किया कि वह ये टेबलेट ओडिशा के कांटाभांजी से थोक में लाकर राजनांदगांव में बेचता था।

दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 21(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। साथ ही पुलिस अब इस नेटवर्क के ऊपरी स्रोतों और ओडिशा कनेक्शन की तस्दीक में जुटी है। इस कार्रवाई में निरीक्षक रामेन्द्र सिंह, निरीक्षक विनय पम्मार, उपनिरीक्षक बलदाउ चंद्राकर, प्रधान आरक्षक अरुण कौमार्य, आरक्षक रामनारायण चंदेल, राजेश साहू, श्रीनिवास राव, राजा बारले और साइबर सेल के स्टाफ ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## फ्लाई ओव्हर के नीचे आज भी चली अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जी.ई.रोड फ्लाई ओव्हर के नीचे साफसुथरा कर व्यवस्थित रखने एवं सु-व्यवस्थित पार्किंग व अन्य सुविधा के लिये नगर निगम तथा यातायात की टीम सुनियोजित अभियान चला रही है, अभियान के तहत शनिवार को फ्लाई ओव्हर के नीचे पुराना बस स्टैण्ड चौक से भगत सिंह चौक तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गयी और आज भगत सिंह चौक से गुरूद्वारा चौक तक ठेला व गुमटी हटाया गया तथा खडे वाहन हटाने वाहन मालिकों को समझाईस दी गयी।



उल्लेखनीय है कि प्रशासन द्वारा शहर के बाजार क्षेत्रों को व्यवस्थित करने एवं सुगम आवगमन के लिए अतिक्रमण हटाव अभियान चलाया जा रहा है। अभियान में आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा तथा एस.डी.एम. श्री खेमलाल वर्मा स्वयं अतिक्रमण दस्ता के साथ जाकर लोगो से समान दुकान के अंदर रखने तथा अतिक्रमण हटाने समझाईस दे रहे है। इसी कडी में फ्लाई ओव्हर के नीचे भी अतिक्रमण मुक्त करने कार्यवाही की जा रही है। बेतरतीब खडे वाहनो तथा अव्यवस्थित रखे ठेला खोमचा के कारण फ्लाई ओव्हर के नीचे साफसफाई नहीं हो पा रही है और वहा गंदगी व्याप्त हो गयी, जिसे ध्यान में रखकर यातायात विभाग के साथ मिलकर फ्लाई ओव्हर के नीचे अतिक्रमण मुक्त करने अभियान चलाया जा रहा है। आज भगत सिंह चौक से गुरूद्वारा चौक तक ठेला खोमचा हटाया गया और कुछ वाहन हटाकर वाहन मालिकों को अपने वाहन हटाने समझाईस दी गयी तथा कुछ ठेला खोमचा वालो द्वारा स्वयं हटाने की मांग पर उन्हे आज ही हटाने कहा गया। आज की कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त श्री विश्वकर्मा एवं एस.डी.एम. श्री वर्मा ने बताया कि पार्किंग एवं अन्य सुविधा देने तथा साफसुथरा व व्यवस्थित रखने फ्लाई ओव्हर के नीचे अतिक्रमण मुक्त किया जा रहा है। निगम एवं यातायात की टीम द्वारा सुनियोजित अभियान चलाकर गुरूद्वारा चौक तक ठेला खोमचा हटाकर अतिक्रमण मुक्त करने कार्यवाही की गयी, शेष क्षेत्रों से भी अतिक्रमण हटाया जावेगा, ताकि फ्लाई ओव्हर के नीचे साफसुथरा व व्यवस्थित हो सके। उन्होंने लोगो से स्वयं अपने वाहन व ठेला खोमचा हटाकर फ्लाई ओव्हर को व्यवस्थित करने में सहयोग करने की अपील की है।

## भक्तगणों द्वारा कांवर में जल लाकर किया शिवलिंग का जलाभिषेक

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** श्री मिथिला धाम गणेश हनुमान मंदिर में सावन महीने के पहले सोमवारी के दिन भक्तगणों द्वारा शिवनाथ नदी से कांवर में जल भरकर लाया गया और उससे मिथिला धाम परिसर में बाबा बैद्यनाथ शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया ज्ञात हो कि पूज्य मोनी बाबा के 1991 में उदयाचल परिसर पर श्रावण महीने में शिवमहायज्ञ किया गया था। इस समय से राजनांदगांव में कंवर से



जल लाने की प्रथा प्रारंभ हुई थी आज यह प्रथा का विस्तार हो चुका है और आज नंदगांव शहर के हर मोहल्ले में स्थित शिवलिंग में कांवर के द्वारा जल लाकर चढ़ाया जाता है मिथिला धाम मंदिर में पूरे सावन महीने कंवर सेजल लाकर जलाभिषेक करने की प्रथम भक्तों के द्वारा किया जाता है इसी कड़ी में सवा लाख पार्थिव शिवलिंग की पूजा भी श्रावण महीने में मिथिला धाम मंदिर में किया जाएगा।

## भोरमदेव पदयात्रा में दिखे मनमोहक दृश्य, बाल शिव बने आकर्षण का केंद्र

पदमराज सिंह ठाकुर

**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स)।** सावन के प्रथम सोमवार को भक्ति, श्रद्धा और संस्कृति का महापर्व भोरमदेव पदयात्रा अपने चरम पर रहा। पदयात्रा में जहाँ हजारों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की,



वहीं बाल शिव के रूप में सजे बच्चों ने सभी का मन मोह लिया और आयोजन का आकर्षण का केंद्र बन गए।

## चॉकलेट वाले डॉक्टर ने वेदिका के जीवन में भर दिया प्रकाश

### योजना के तहत स्कूली छात्रा के कैटरेक्ट का सफल ऑपरेशन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** चॉकलेट बांटने वाले डॉक्टर के रूप में प्रसिद्धि पा चुके गैंदाटोला क्षेत्र के सरकारी डॉक्टर मुकेश कुमार साहू ने न जाने कितने विद्यार्थियों के जीवन में रोशनी जागई है। इसी कड़ी में उन्होंने सातवीं की छात्रा वेदिका सेन के मोतियाबिंद का सफल शल्य कर उनके जीवन को प्रकाश से भर दिया है इसके लिए उन्हें उनके परिजनों सहित स्कूल स्टाफने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

ज्ञात हो कि सेवा परमो धर्मः अर्थात सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। जब कोई व्यक्ति सेवा करने की ठान ले तो वह तन मन और धन से सेवा कार्य में लग जाता है। बिना किसी दिखावे के सरलता से अपने काम को करता जाता है। और फल की इच्छा बिल्कुल भी नहीं करता। ठीक इसी भाव को चरितार्थ कर रहे हैं एक डॉक्टर जो वनांचल में सेवा दे रहे हैं। जो अपनी सेवा से लोगों के दिलों में खास और अमिट पहचान बन चुके हैं। जिसे लोग चॉकलेट वाले डॉक्टर स्कूल वाले डॉक्टर,आँखी वाले डॉक्टर, चश्मा वाले डॉक्टर के नाम से जानते हैं। एक व्यक्ति को उनके क्षेत्र की जनता इतने सारे नाम से पुकारे तो समझ में आता है कि उनकी सेवा और उनकी लोकप्रियता शिखर पर है। जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गैंदाटोला के नेत्र सहायक अधिकारी मुकेश कुमार साहू अपनी उत्कृष्ट सेवा गतिविधियों की वजह से दूर-दूर तक प्रसिद्धि पा चुके हैं। पिछले वर्ष दो स्कूली बच्चों के आंख का ऑपरेशन करा कर इनको पहचान मिली थी। उनके कार्य करने का तरीका इतना तेज और सटीक है कि इन्होंने इस बार अपने पहले ही स्कूल में एक बच्चे का मोतियाबिंद पहचान कर उनको तुरंत दूसरे दिन ऑपरेशन करा कर उनकी जिंदगी को रोशनी से भर दिया।



ऐसा काम के प्रति सेवा,त्याग और समर्पण का भाव शायद ही इस कलयुग में देखा जाता है। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय अल्पदृस्टि और अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत नेत्र जांच और चश्मा जांच प्रतिवर्ष शिक्षा विभाग में शासकीय मिडिल स्कूल 6वीं, 7वीं, 8वीं के बच्चों का किया जाता हैं। यह राज्य सरकार की एक प्रमुख स्वास्थ्य कार्यक्रम है,जिसे शालेय नेत्र स्वास्थ्य परीक्षण कहा जाता है। जो कि पूरे राज्य की हर जिले में हर ब्लॉक में चलाया जाता है। शालेय नेत्र स्वास्थ्य परीक्षण शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गैंदाटोला में एक ऐसा ही मामला सामने आया है। मामला है छोटी बच्ची 7वीं कक्षा की वेदिका पिता अरुण सेन निवासी गैंदाटोला की। आंख जांच के दौरान एक आँख से बच्चे को पढ़ने देखने में असुविधा हो रही थी। जांच आगे बढ़ने पर एक आंख में मोतियाबिंद पाया गया। जबकि दूसरे आंख का मोतियाबिंद का ऑपरेशन पिछले वर्ष 21 सितंबर 2024 को मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल राजनांदगांव में मुकेश कुमार साहू के द्वारा ही कराया जा चुका हैं। मामला की गंभीरता को देखते हुए मुकेश कुमार साहू नेत्र सहायक अधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गैंदाटोला द्वारा उसे तुरंत ऑपरेशन के लिए मेडिकल कॉलेज एवं एवं हॉस्पिटल राजनांदगांव में एडमिट कराया गया। जहां उनका 3 जुलाई 2025 को मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। सूचना मिलने तक छोटी बच्ची वेदिका सेन ठीक है और उनका ऑपरेशन सफल रहा हैं। इस घटना की चर्चा पुरे गैंदाटोला, छुरिया क्षेत्र में हो रहा है। लोग स्वास्थ्य विभाग के इस कार्य की सराहना कर रहे है। खास करके मुकेश कुमार साहू नेत्र सहायक अधिकारी की काम के लोग मुरीद हो गए हैं। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गैंदाटोला अस्पताल की भी आँख की ओपीडी पहले से तीन गुनी हो गई है। अपने प्रत्येक मरीज को पहले चॉकलेट देते हैं फिर उनका जांच और उपचार करते हैं। चॉकलेट देकर उपचार करने का यह तरीका मरीजों को बहुत पसंद आ रहा है।

मुकेश कुमार साहू ने समर्पित भाव से कर्तव्यों का निर्वाह किया है वह निश्चित ही प्रशंसनीय है और अपने अच्छे कर्मों की वजह से प्रसिद्ध भी पा चुके हैं विभाग के अन्य नेत्र सहायक अधिकारीयों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

**डॉ. नेतराम नवरत्न**
**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी**
**राजनंदगांव छत्तीसगढ़**

शासन और स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्कूल हेल्थ कार्यक्रम चलाये जाने का एक ही उद्देश्य है की बीमारी को शुरुआत में ही पहचान कर उसका उचित उपचार करके उसे खत्म किया जाए। और हम सब शासन के आदेशानुसार उसी उद्देश्य की प्राप्ति के लिए कार्य कर रहे हैं।

**मुकेश कुमार साहू**
**नेत्र सहायक अधिकारी**
**प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गैंदाटोला**

## तेंदुए की धमक से दहशत ग्रामीणों ने 8 घंटे की मशक्कत के बाद ली राहत की सांस

**अम्बागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)।** एमएमसी जिले के अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती रात उस वक्त हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने एक तेंदुए को खुलेआम घूमते देखा। तेंदुए की हर गतिविधि पर नजर रखने के लिए उसके आसपास ही डेरा जमाए रखे, जैसे ही तेंदुआ गांव की सीमा में दाखिल हुआ, ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। तत्काल वन विभाग और स्थानीय थाने को इसकी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। लगभग 8 घंटे की कड़ी मशक्कत और संयुक्त प्रयास के बाद तेंदुए को सुरक्षित जंगल की ओर खदेड़ दिया गया। गनीमत रही कि इस पूरी घटना में किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई। सुबह करीब तीन बजे जब तेंदुआ जंगल की ओर लौट गया, तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।



वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलते ही रेस्क्यू टीम तत्काल मौके पर पहुंच गई थी। स्थानीय पुलिस और जिला प्रशासन के सहयोग से तेंदुए को सुरक्षित बाहर निकालने का काम सफल रहा।

सुबह करीब तीन बजे तेंदुआ सुरक्षित जंगल की ओर निकल गया, लेकिन खतरा अभी पूरी तरह टला नहीं है। इसलिए अगले एक सप्ताह तक गांव में मुनियादी कराई जाएगी, ताकि लोग सतर्क रहें और किसी भी स्थिति में सजगता बरतें।

**मनेंद्र कुमार सिंदार,**
**एसडीओ वन विभाग**

## काश ऐसा न होता..,पर समीक्षा गोष्ठी डोंगरगाँव में



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगांव के तत्वावधान एवं महेंद्र बघेल के संयोजन में दिनांक 12/7/25 दिन शनिवार को शिवनाथ साहित्य धारा भवन मोहड़ डोंगरगांव में मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया।जिसमें शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगांव के अध्यक्ष महेंद्र कुमार बघेल की रचना काश ऐसा न होता.., के विभिन्न पहलुओं पर गहन विचार विमर्श करते हुए समीक्षक कौशल कुमार साहू डोंगरगांव, जितेंद्र कुमार पटेल गोटाटोला, वीरेंद्र कुमार तिवारी अर्जुनी, अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा पिनकापार, महेंद्र वैष्णव डोंगरगांव, राजकुमार चौधरी रौना टेड़ेसरा एवं डॉ.गजेंद्र हरिहारनो दीप डोंगरगांव द्वारा सारगर्भित समीक्षा की गई। समीक्षा के पश्चात काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें डॉ.माधवी गणवीर डोंगरगांव, दीप्ति पटेल डोंगरगांव, डॉ. इक़बाल खान मोहला, कन्हैया मेश्राम किरगी, अनिल कसेर उजाला डोंगरगांव, मनीष साहू डोंगरगांव एवं उपस्थित सभी साहित्यकारों ने काव्य पाठ किया। इस कार्यक्रम का संचालन डॉ.गजेंद्र हरिहारनो एवं वीरेंद्र कुमार तिवारी ने किया।

## भोरमदेव पदयात्रा में शामिल हुए राज्य शासन के वरिष्ठ अफसर व मुंगेली कलेक्टर

पदमराज सिंह ठाकुर



**कबीरधाम( नांदगांव टाइम्स )।** सावन के प्रथम सोमवार को आयोजित ऐतिहासिक भोरमदेव पदयात्रा में इस वर्ष न केवल आम श्रद्धालुओं और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही, बल्कि राज्य शासन के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सिद्धार्थ कोमल परदेशी तथा मुंगेली कलेक्टर कुंदन कुमार भी विशेष रूप से सम्मिलित हुए। दोनों अधिकारियों ने 18 किलोमीटर लंबी पदयात्रा में सहभागिता कर भोरमदेव मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना की। सिद्धार्थ कोमल परदेशी पूर्व में कबीरधाम जिले के कलेक्टर रह चुके हैं और उन्हीं के कार्यकाल में वर्ष 2008 मेंभोरमदेव पदयात्रा की परंपरा की औपचारिक शुरुआत हुई थी। उन्होंने बाबा भोरमदेव के चरणों में नमन किया। मुंगेली कलेक्टर कुंदन कुमार, जिन्होंने भी पूर्व में कबीरधाम जिले में जिला पंचायत के रूप में अपनी सेवा दी है, उन्होंने भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ पदयात्रा में भाग लिया और मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की।

## माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति में 50 प्रतिशत ट्रस्टी गोंड आदिवासी समुदाय से आरक्षित करने की मांग



**डोंगरगढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट चुनाव की घोषणा होते ही आदिवासी गोंड समाज ने ट्रस्ट समिति में समाज की 50 प्रतिशत भागेदारी की मांग को लेकर सर्व आदिवासी समाज के बैनर तले जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है. 13 जुलाई 2025 को सर्व आदिवासी समाज जिला राजनांदगाँव की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया है कि माँ बम्लेश्वरी उइके गोंड जनजाति की कुल देवी है और गोंड जनजाति की आराध्य देवी है जिनको सदियों से उइके परिवार के साथ गोंड जनजाति के लोग रूढ़ि प्रथानुसार सेवा अर्जी (पूजा-अर्चना) करते आ रहें है। वहीं माँ बम्लेश्वरी ट्रस्ट एवं शासन प्रशासन से मांग करते आ रहें है कि ट्रस्ट में गोंड समुदाय के लिए 50 प्रतिशत ट्रस्टी / सदस्यों के लिए आरक्षित किया जायें । जिसके लिए ट्रस्ट अपने बायलॉज (नियमावली) को संशोधित कर गोंड समुदाय के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण तय करें नहीं तो गोंडवाना भू-भाग के छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, तेलंगाना, उड़ीसा आदि राज्यों के गोंड जनजाति के लोग अपने महासभा के माध्यम से सर्वसम्मति से संवैधानिक रूप से अपने हक अधिकार को लेने के लिए बाध्य होंगे।

**शुभांक**

1-3-9

789-4 248-4

**भाग्यांक**

138-2 378-8

# मोहारा में रोड और नाली निर्माण के लिए महापौर ने किया भूमिपूजन


## मोहारा शासकीय प्राथमिक शाला में नव निर्मित शेड का लोकार्पण कर महापौर यादव ने, विद्यार्थियो को कापी पुस्तक का किया वितरण




**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** वार्ड विकास की कडी में महापौर श्री मधुसूदन यादव ने वार्ड नं. 47 मोहारा में विभिन्न मद अंतर्गत रोड नाली निर्माण का भूमिपूजन कर मोहारा शासकीय प्राथमिक शाला में पार्षद निधि अंतर्गत निर्मित अतिरिक्त शेड का लोकार्पण किया और विद्यार्थियों को कापी पुस्तक के अलावा अन्य सामग्री का वितरण किया। कार्यक्रम में महापौर श्री यादव ने कहा कि विधायक डॉ. रमन सिंह तथा सांसद श्री संतोष पाण्डे की अनुशंसा तथा शासन स्वीकृति अनुसार वार्डो में विकास कार्य कराए जा रहे है। इसी कडी में आज वार्ड नं. 47 मोहारा में अधोसंरचना मद अंतर्गत 10 लाख रूपये की लागत से रोड एवं नाली निर्माण तथा आश्रम के पास विधायक निधि अंतर्गत 5.20 लाख रूपये की लागत से सीमेंटीकरण के लिए भूमिपूजन किया जा रहा है, उक्त कार्य बहुत जल्द धरातल में दिखेगा और वार्डवासी इसका लाभ उठायेगे। महापौर श्री यादव ने कहा कि आज श्रावण के प्रथम सोमवार को आपके वार्ड में पार्षद निधि अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला में लगभग 6 लाख रूपये की लागत से लगे शेड का लोकार्पण किया जा रहा है। साथ ही विद्यार्थियो को नि:शुल्क कापी, पुस्तक, पेन, बेल्ट, टाई, पानी बाटल, जूता, मोजा का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि शासन की सोच कि हर बच्चे को अच्छी शिक्षा मिले तथा सभी बच्चो को पढने के लिये जो सुविधाए मिलनी चाहिए, कापी, पुस्तक व अन्य सामग्री जिससे वे वंचित हो जाते है, उक्त सामग्री शासन द्वारा नि:शुल्क दिया जा रहा है। शासन की सोच कि कोई भी विद्यार्थी अभाव में शिक्षा से वंचित न रहे। आज कल तो शासन द्वारा अंग्रेजी माध्यम स्कूल संचालित की जा रही है, ताकि निजी स्कूल की तरह शासकीय स्कूल के विद्यार्थी भी अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सके। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद व शिक्षा विभाग के प्रभारी सदस्य श्री आलोक श्रोती, महापौर परिषद के प्रभारी श्रीमती केवरा राय व श्री दिलेश्वर साहू, पार्षद श्री सतीश साहू व श्री चंद्रक्रत साहू, पूर्व पार्षद श्री विजय राय की उपस्थिति में महापौर श्री यादव ने शेड का लोकार्पण कर निर्माण कार्यो के लिए पूजा अर्चना कर भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के पूर्व वार्ड पार्षद ने महापौर का पगडी पहनाकर स्वागत किया तथा वार्ड के देवकी देवांगन, परशु प्रजापति, लक्ष्मी देवांगन, मोहन तिवारी, राम कुमार देवांगन, मीना सोनकर, भूनेश्वरी सिन्हा, पिंटू देवांगन, यशवंत देवांगन, लक्ष्मण प्रजापति, सोहन प्रजापति, उमाशंकर देवांगन, भूनेश्वर देवांगन, आरती देवांगन, दुबेश प्रजापति, सुरेश सिन्हा, अवधेश सोनकर, बबला सोनकर, रेणु तिवारी, अनीता पटेल, भूरू प्रजापति, रमेश निर्मलकर, राधा देवांगन, किर्ती प्रजापति ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। पार्षद व शिक्षा विभाग के प्रभारी सदस्य श्री श्रोती ने कहा कि वार्डवासियो की मांग पर विभिन्न मद अंतर्गत स्वीकृत कार्यो को वार्ड में मूर्त रूप देने आज भूमिपूजन किए। महापौर जी का सहयोग वार्ड विकास के लिए समय समय मे मिलते रहता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को आज विभिन्न सामग्री वितरण की गयी, ताकि वे अच्छी शिक्षा ग्रहण कर अपने परिवार एवं शाला का नाम रोशन कर सके। इस अवसर पर उप अभियंता श्रीमती ज्योति साहू सहित स्कूल के शिक्षक, विद्यार्थी एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

# भाजपा गैंदाटोला मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू के द्वारा अपने क्षेत्र किसान के साथ 7 लाख रुपए का धोखाधड़ी किया

## किसान ने पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव से लगाई गुहार





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिले के अंतर्गत गैंदाटोला थाना के छुरिया ब्लॉक की निवासी प्रमोद साव आत्मज स्व. लाकेश्वर साव निवासी ग्राम जंगलपुर थाना गैंदाटोला जिला राजनांदगांव छत्तीसगढ़ द्वारा बीते दिनों में पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव एवं गैंदाटोला थाना प्रभारी को शिकायत कर एफ आई.आर.दर्ज कर उचित कार्वाई करने की मांग रखी है।

उन्होंने पुलिस अधीक्षक को बताया कि कृषि कार्य हेतु हार्वेस्टर सुरेंद्रा 930 वाहन क्रमांक सीजी 08 ए जेड 5604 हार्वेस्टर मालिक खिलेश्वर साहू पिता स्व. नरेश साहू निवासी ग्राम साल्हेटोला थाना क्षेत्र गैंदाटोला, तहसील छुरिया राजनांदगांव से 7 लाख रुपए, अक्षरी 7 लाख रुपए नगद राशि देकर खरीदा गया है,जिसका इकरारनामा दिनांक 10/0 2/ 2025 को भारतीय गैर न्यायिक स्टाप क्रमांक ए एफ 240837 को नोटाइस कराया गया है।यह की वाहन मालिक के द्वारा मुझे हार्वेस्टर में अधिक लाभ का साझा देकर गैर कानूनी रूप लोन के लिए गए।हार्वेस्टर को बेचा तथा मुझसे 7 लाख रुपए प्राप्त कर लिए।यहां की वाहन मालिक खिलेश्वर साहू पिता स्व. नरेश साहू के द्वारा इकरारनामा गठन पश्चात वहां मेरे सुपुर्द किया गया था।जिससे मैं कृषि कार्य कर रहा था कि खिलेश्वर साहू ने उक्त वाहन को मेरे बगैर अनुमति के 20 मार्च 2025 को मेरे द्वारा रखे गए ड्राइवर को डरा धमकाकर, छीना झपटी कर बलपूर्वक अपने कब्जे में ले लिया गया जो की उचित नहीं है।यह की इस घटना की सूचना मेरे द्वारा थाना प्रभारी गैंदाटोला को 10/4/2025 को लिखित में किया तथा आवश्यक कार्य हेतु निवेदन किया गया। यह की थाना प्रभारी के गैंदा टोला जिला राजनांदगांव के द्वारा मेरे दिए गए प्रार्थना निवेदन पर कोई कार्यवाही संतोषजनक रूप से नहीं किया गया और ना ही मेरे राशि को वापस दिलाने पर कोई संतोषजनक रूप से नहीं किया गया है तथा मुझे पुलिस हस्तक्षेप अयोग्य अपराध क्रमांक 0 4/2025 दिनांक 14/ 4/2025 को न्यायालय की शरण में ले जाने की सलाह दी गई, जो की उचित नहीं है.यह है कि खिलेश्वर साहू द्वारा गैर कानूनी रूप से वाहन बिक्री का इकरारनामा बनवा कर मुझे ठगने का कार्य किया जिसकी जाल साजी में मैं फंसकर अपने खून पसीने की कमाई रकम को खिलेश्वर साहू के बने चक्र में फंसकर अपनी राशि को दिया हूं अब मैं इसके विरुद्ध आपके माध्यम से एफए आर दर्ज कराने हेतु प्रार्थना पत्र दे रहा हूँ।ताकि इस प्रकार भारत का और कोई किसान किसी की जाल साजी में मत फसे.। खिलेश्वर साहू राजनीतिक क्षेत्र का व्यक्ति है जिसके प्रभाव में आकर थाना प्रभारी गैंदाटोला द्वारा कोई ठोस कार्यवाही नहीं किया तथा मुझे उलझने के उद्देश्य से पुलिस हस्तक्षेप आयोग्य अपराध की पर्ची काटकर अपना पल्ला झाड़ लिया। किसान ने निवेदन करते हुए कहा है कि शीघ्र मामले को संज्ञान में लेकर खिलेश्वर साहू के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कार्यालय के समक उसे सजा दिलाने और मेरे रकम को वापस दिलाने में मदद करे। ताकि किसान की अपराधियों से रक्षा हो सके,कृपया एफ आई आर दर्ज करने की मांग रखी गई है।

## माँ कामख्या धर्मादा ट्रस्ट द्वारा रामायण पाठ किया गया



**धमतरी ( नांदगबांव टाइम्स )।** माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट धमतरी शाखा में जिलाध्यक्ष श्रीमति कमलेश गुप्ता के नेतृत्व में आज रामायण का पाठ श्रीमति सावित्री पटवा के निवास स्थान पर किया गया, यह पाठ पूरे एक माह तक अलग-अलग जगह किया जा रहा है,आज के इस कार्य में विष्णु प्रसाद साहू , कमलेश गुप्ता ,कौशल ,सुनैना मिश्रा, पारस नाथ पटवा ,बिंदेश्वरी पटवा, नरेंद्र साव, सावित्री ,युवराज साव, मेघा साव ,डिम्पल साहू, टिंकल साहू, साक्षी साहू,, लोकव्यापी, पूनम , डोमेंद्र, संतोष वर्मा उपस्थित रहे,ट्रस्टी अध्यक्ष श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) ने इस पवित्र कार्य के लिए सबको साधुवाद दिए।

# सेवाभाव के साथ फल वितरण कर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज का मनाया जन्मदिन

## वृद्धाश्रम में फल वितरण कर वृद्धजनों से लिया आशीर्वाद



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज जी के जन्मदिवस पर 14 जुलाई सोमवार को शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस द्वारा वृद्धाश्रम में फल वितरण कर सेवाभाव के साथ सादगीपूर्ण तरीके से जन्मदिवस मनाया गया। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू संयुक्त तत्वावधान में सोमवार 14 जुलाई प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज जी जन्मदिवस सादगीपूर्ण ढंग से मनाते हुए वृद्धाश्रम में फल वितरण कर वृद्धजनों से पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज जी के लिए आर्शीवाद मांगा। शहर जिला कांग्रेस के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व भागवत साहू ने कहा कि संगठन को लेकर लगातार सजग रहने वाले पार्टी की मजबूती के लिए लगातार कार्य करने वाले व हम सबके प्रेरणास्त्रोत के जन्मदिन पर उनके दीर्घायू की हम कांग्रेसजन कामना करते है। फल वितरण में मुख्य रूप से जिपं सदस्य विभा साहू, पदम कोठारी, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, महामंत्री हनी ग्रेवाल, शरद खंडेलवाल, विपल साहू, तुलदास साहू, सागर ताम्रकार, पिन्टू देवांगन, ललित कुमरे, मनीष साहू, महेश साहू, युग साहू, धनंजय साहू, संदीप जायसवाल सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सेवती बाई यादव पति रोहित कुमार यादव निवासी ग्राम घोरतलाव पो. भगवानटोला थाना बागनदी तहसील लाल बहादुर नम्र जिला राजनांदगांव छ.ग. की निवासी हूं एवं मेरी पुत्री के आधार में नाम दीपिका यादव (DIPIKA YADAV) पिता रोहित कुमार यादव अंकित है जिसे मैं अपनी पुत्री का नाम परिवर्तन किये जाने के लिये अपना वास्तविक व सही नाम दीपा यादव (DEEPA YADAV) पिता रोहित कुमार यादव (ROHIT KUMAR YADAV) के नाम से जाना एवं पहचाना जाये ।

सुचना जाने ।

भवदीय

**रोवती बाई यादव**

पति रोहित कुमार यादव

निवासी ग्राम घोरतलाव

तहसील लाल बहादुर

जिला राजनांदगांव छ.ग.

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा अवयस्क पुत्र लव्य गेन्ड्रे (LOVY GENDRE) पिता तारेन्द्र कुमार गेन्ड्रे निवासी म. नं 01 , सेमरा दैहान, डुमरडीह कला, खपरी खुर्द तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का रहने वाला है। मैं उसका पिता होने के नाते उसका उक्त नाम परिवर्तित कर लव्य गेन्ड्रे (LAVYA GENDRE) किया है। अब से उसे नये नाम लव्य गेन्ड्रे (LAVYA GENDRE) के नाम से पुकारा जाता है और अब उसे इस नये नाम से जाना पहचाना जाये व उक्त नाम से संबोधित किया जाये।

**लव्य गेन्ड्रे**

पिता तारेन्द्र कुमार गेन्ड्रे

निवासी म. नं 01 , सेमरा दैहान, डुमरडीह

खबरीखुर्द तहसील

जिला राजनांदगांव

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक लखोली, तहसील व जिला राजनांदगांव

:: सूचना-पत्र ::

क्रमांक 2 /रा. नि./लखोली/2025
राजनांदगांव दिनांक 13.07.2025

प्रति,

1. राजीव अग्रवाल आ. आनंद कुमार 2. मेसर्स राजाराम प्रोडक्ट्स द्वारा प्रो. सूर्यकांत पि. राजाराम गुप्ता 3. महारानी देवी पि. बिहारीलाल 4. ज्योति पि. लक्ष्मीनाथ 5. दीपक ठाकुर व बोलेश्वर नाथ 6. राखी गर्ग पि. श्रीकांत गुप्ता 7. पुरूषोतम राम साहू पि. तिजुनराम साहू

विषय- सीमांकन/निरीक्षण के संबंध में सूचना बाबत।

ग्राम मोहड़ प. ह. नं.44 रा. नि. मं. लखोली तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित खसरा नं. 745/1 व 762 रकबा 21.322 व 2.116 हे. का सीमांकन/निरीक्षण हेतु न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है । न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 412/प्रवा./तह./2025 दिनांक के परिपालन में दिनांक 21.07.2025 को समय 12.00 बजे सीमांकन/निरीक्षण किया जाना है ।

अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

सील — राजस्व निरीक्षक लखोली

### कार्यालय राजस्व निरीक्षक लखोली, तहसील व जिला राजनांदगांव

:: सूचना-पत्र ::

क्रमांक 2 /रा. नि./लखोली/2025
राजनांदगांव दिनांक 13.07.2025

प्रति,

1. ईश्वरभाई आ. जेठा भाई पटेल 2. जीवनराम भाई आ. जेठाभाई 3. पलक पटेल आ. ईश्वर पटेल 4. हरेश पटेल आ. ईश्वर पटेल 5. सावित्री बेन पटेल ध.प. ईश्वरभाई पटेल 6. बाबूभाई पटेल डायरेक्टर गायत्री स्कूल

विषय- सीमांकन/निरीक्षण के संबंध में सूचना बाबत।

ग्राम लखोली प. ह. नं.42 रा. नि. मं. लखोली तहसील व जिला राजनांदगांव स्थित खसरा नं. 276/79 रकबा 0.142 हे. का सीमांकन/निरीक्षण हेतु न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है । न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव के ज्ञापन क्रमांक 262/प्रवा./तह./2025 दिनांक के परिपालन में दिनांक 18.07.2025 को समय 11.00 बजे सीमांकन/निरीक्षण किया जाना है ।

अतः आप सभी हितबद्ध पक्षकार अपने दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवे, बाद की आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

सील — राजस्व निरीक्षक लखोली

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अवयस्क पुत्री राही साहू पिता उपेन्द्र साहू निवासी रिद्धि-सिद्ध कॉलोनी, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) की रहने वाली है। मैं उसका पालक पिता होने के नाते उसका उक्त नाम परिवर्तित कर तृषा साहू ( TRISHA SAHU) किया है। अब से उसे नये नाम तृषा साहू के नाम से पुकारा जाता है और अब उसे इस नये नाम से जाना पहचाना जाये व उक्त नाम से संबोधित किया जाये।

**तृषा साहू**

पालक पिता उपेन्द्र साहू

निवासी रिद्धि-सिद्ध कॉलोनी,

राजनांदगांव तहसील

जिला राजनांदगांव

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अवयस्क पुत्र राघव साहू पिता उपेन्द्र साहू निवासी रिद्धि-सिद्ध कॉलोनी, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) की रहने वाला है। मैं उसका पालक पिता होने के नाते उसका उक्त नाम परिवर्तित कर तनुष साहू ( TANUSH SAHU) किया है। अब से उसे नये नाम तनुष साहू के नाम से पुकारा जाता है और अब उसे इस नये नाम से जाना पहचाना जाये व उक्त नाम से संबोधित किया जाये।

**तनुष साहू**

पालक पिता उपेन्द्र साहू

निवासी रिद्धि-सिद्ध कॉलोनी,

राजनांदगांव तहसील

जिला राजनांदगांव

### न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव (छ.ग.)

!! ईश्तहार !!

रा.प्र.क. 202505095300015 ब-121 वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक कन्हैया लाल वर्मा पिता फिरतूराम वर्मा जाति लोधी निवासी ग्राम गातापारखुर्द तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा द्वारा ग्राम गातापारखुर्द पटवारी हल्का नं0 08 रा.नि.मं. मोहारा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव में स्थित भूमि खसरा नं0 89/1, 218, 468, 475/8, 492/1, 557 रकबा 0.134, 0.134, 0.073, 0.097, 0.255, 0.299 हेक्टेयर भूमि कुल खसरा 06 कुल रकबा 0.992 हेक्टेयर भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज व स्थित है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका कही गुम हो चुका है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका कही गुम हो जाने के कारण आवेदक को शासकीय एवं अर्धशासकीय कार्य में परेशानी हो रही है। उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र मय बी 1, अदेय प्रमाण पत्र तथा प्रथम सूचना रिपोर्ट, चलान की मूल प्रति पेश किया गया है। अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा / आपत्ति पेशी दिनांक 17/07/2025 तक या उसके पूर्व प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि पष्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 01/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के सुहर से जारी किया गया है।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार डोंगरगढ़

### न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202507092200011

विष :- ब-121

मामले की श्रेणीः- राजस्व

सनः-2024-2025

डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे0) ]

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार -गोदावरी निषाद.

अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गोदावरी निषाद पति रामप्रसाद निषाद जाति केंवट सा. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदिका के चाचा ससूर चम्बा निषाद पिता आनंदी निषाद का मृत्यु दिनांक 10.07.2004 को डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 21.07.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/07/2025 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार डोंगरगढ़

### न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ के न्यायालय मे मामला क्रमांक: 202507092200010

विषय - ब-121

मामले की श्रेणीः- राजस्व

सनः- 2024-2025

डोंगरगढ़ प.ह.न. 00025 [(हे0)]

पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार - गोदावरी निषाद,

अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गोदावरी निषाद पति रामप्रसाद निषाद जाति केंवट सा. डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदिका के ससूर मढैया निषाद पिता आनंदी निषाद का मृत्यु दिनांक 02.04.1981 को डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 21.07.2025 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/07/2025 को जारी किया जाता है।

सील — तहसीलदार डोंगरगढ़

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, राजनांदगाव (छ0ग0)

।। ईश्तहार ।।

रा.प्र.क्र. 202506092100048.अ/2 वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक सुरेश कुमार अग्रवाल पिता बालकिसन अग्रवाल, उम्र 60 वर्ष, जाति अग्रवाल, निवासी वार्ड नं. 9 डोंगरगढ़ तहसील-डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र पेश किया है कि आवेदक के स्वामित्व व आधिपत्य में ग्राम डोंगरगढ़ प. ह. नं. 25 रा. नि. मं. डोंगरगढ़ तहसील-डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में ख. नं. 644/14. रकबा 0.0270 हे कृषि भूमि भूमि स्थित है। आवेदक उपरोक्त ख. नं. 644/14, रकबा 0.0270 हे. कृषि भूमि को अपने आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित करवाना चाहता है। उपरोक्तानुसार डोंगरगढ़ प.ह.नं. 25 रा. नि. मं. डोंगरगढ़ तहसील-डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में ख. नं. 644/14, रकबा 0.0270 हेक्टेयर कृषि भूमि भूमि को अपने आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 16/07/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, राजनांदगांव (छ.ग.)

।। ईश्तहार ।।

रा.प्र.क्र.202506092100047 अ/2 वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक शुभम अग्रवाल पिता सुरेश कुमार अग्रवाल, उम्र 26 वर्ष, जाति अग्रवाल, निवासी वार्ड नं. 9 डोंगरगढ़ तहसील-डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पत्र पेश किया है कि आवेदक के स्वामित्व व आधिपत्य में ग्राम छिरपानी प. ह. न. 24 रा. नि. मं. डोंगरगढ़ तहसील-डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में ख नं. 14/1. रकबा 0.1380 हे. कृषि भूमि भूमि स्थित है। आवेदक उपरोक्त ख. नं. 14/1, रकबा 0.1380 हेक्टेयर कृषि भूमि में से 0.0460 हेक्टेयर को अपने आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तीत करवाना चाहता है। ग्राम छिरपानी प. ह. नं. 24 रा. नि. मं. डोंगरगढ़ तहसील-डोंगरगढ़, जिला-राजनादगांव (छ.ग.) में ख. नं. 14/1, रकबा 0.1380 हैं. कृषि भूमि में सें 0.0460 हेक्टेयर को अपने आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जाने का निवेदन किया गया है।

अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 16/07/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 25/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़

### न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, राजनांदगांव (छ.ग.)

।। ईश्तहार ।।

रा.प्र.क्र. 202507092100002 अ/2 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक विमल पति मोहनलाल जाति पंजाबी ब्राम्हण पता निवासी टिकरापारा, वार्ड नंबर 03, डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया है कि आवेदक के स्वामित्व व आधिपत्य में ग्राम अछोली प. ह. नं. 25 रा. नि. मं. डोंगरगढ तहसील-डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में ख. नं. 103/10 रकबा 0.011 हे. कृषि भूमि स्थित है। आवेदक उपरोक्त ख. नं. 103/10 रकबा 0.011 हे. कृषि भूमि को अपने आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित करवाना चाहता है। उपरोक्तानुसार अछोली प.ह.नं. 25 रा.नि.म. डोंगरगढ तहसील-डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में ख.नं. 103/10 रकबा 0.011 हेक्टेयर कृषि भूमि को अपने आवासीय प्रयोजनार्थ हेतु परिवर्तित किये जाने का निवेदन किया गया है। अतएव उक्त भूमि के व्यपवर्तन किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 30/07/2025 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते है, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़

### कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) राजनांदगांव, जिला-राजनांदगांव,छ.ग.

// ईश्तहार //

क्रमांकज./ अविअ/प्रवा.-3/2025
राजनांदगांव, दिनांक 09/07/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक.... महावीर इन्फ्राकॉन प्रा0 लि0 डायरेक्टर विनोद बोहरा पिता जेठमल जी बोहरा, निवासी सनसिटी, कंचनबाग, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव, के द्वारा निज स्वामित्व की भूमि ग्राम पनेका, पटवारी हल्का नंबर 29, खसरा नंबर 15000 रकबा 0.1980 हेक्टेयर के आवासीय प्रयोजन (भू-खण्डीय विकास) हेतु व्यपवर्तन एवं पुनर्कर निर्धारण का आवेदन मय, खसरा बी-1, नक्शा, ऋण पुस्तिका की प्रति, पंजीकृत बैनामा, कॉलोनाईजर लायसेंस इत्यादि के साथ प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के, पुनर्कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उ?द्घोषणा प्रकाशन दिनांक से स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि 18/07/2025 तक न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 09/07/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मोहर से जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी (रा.) राजनांदगांव

nandgaon times JULAI-15-1.qxd 7/15/2025 12:03 AM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) हाल ही में दुनिया की सबसे बड़ी प्रवाल कॉलोनी कहां खोजी गई थी?*

*2) गोल किस महान खिलाड़ी का आत्मकथा है?*

*3) पहली महिला ने दुनिया की सैर की–*

*4) टिहरी गढ़वाल में धांधक आन्दोलन किससे संबंधित था?*

*5) सार्को पॉड, जो हाल ही में समाचारों में देखा गया है, क्या है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) सोलोमन द्वीपसमूह (2) मेजर ध्यानचंद (3) जैनी बेरोट (4) ग्रामीणों से (5) यूथेनेशिया डिवाइस निर्देशक

# शॉपिंग कांप्लेक्स के पाथवे पर कब्जा एवं अवैध निर्माण तथा बिना अनुमति क्रय विक्रय पर कार्रवाई जिला प्रशासन करेगा

## नगर पंचायत की सामान्य सभा ने अपना निर्णय जिला प्रशासन की जांच रिपोर्ट एवं निर्देश की प्रतीक्षा तक टाला

**अंबागढ़ चौकी ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर पंचायत अंबागढ चौकी के एक मात्र शॉपिंग कांप्लेक्स में पाथवे पर कब्जा कर दुकान का संचालन तथा बिना अनुमति अवैध निर्माण एवं पंजीकृत दुकानो को बिना अनुमित क्रय विक्रय से जुडे मामले का निर्णय अब नगरीय निकाय ने जिला प्रशासन पर छोड दिया है। सामान्य सभा ने जिला प्रषासन की जांच रिपोर्ट व निर्णय आने के बाद ही इस विषय में परिषद द्वारा निर्णय लेने का प्रस्ताव पास किया है। नगर में पिछले कुछ महिने से नगर के शॉपिग कांप्लेक्स में अवैध निर्माण एवं बिना अनुमति खरीद फरोख्त का निर्णय गर्माया हुआ है। 9 जुलाई को नगर पंचायत की सामान्य सभा में इस मुददे को लेकर परिषद के सदस्यो के मध्य तीखी बहस भी हुई। नगर पंचायत अध्यक्ष ने सामान्य सभा की बैठक में बताया की इस मामले की शिकायत मीडिया से जुडे प्रतिनिधियो एवं नागरिको की ओर से हाल ही में सम्पन्न हुई छग शासन के सुशासन तिहार में शिकायत की गई है। शिकायत की जांच जिला प्रशासन द्वारा कराई जा रही है। ऐसे में जिला प्रशासन की जांच रिपोर्ट व निर्णय सामने आ जाए इसके बाद ही इस मामले में विधि विशेषज्ञों से रायशुमारी कर परिषद द्वारा फैसला लिया जाएगा। नगर पंचायत की परिषद के निर्णय लिए जाने से पहले प्रशासन का रूख एवं निर्णय सामने आना आवश्यक है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा की चूकिं शॉपिंग काप्लेक्स नगर पंचायत की सम्पत्ति है लेकिन मामले में सुशासन तिहार में शिकायत की गई है इसलिए पहले हम प्रशासन की रिपोर्ट एवं निर्देश के बाद ही आगे कुछ फैसला लेंगे।

**पाथवे में शटर लगाकर कब्जा एवं दुकान संचालन की शिकायत**

प्रियदर्शिनी शॉपिंग कांप्लेक्स का निर्माण दो दशक पूर्व हुआ है। इस व्यवसायिक परिसर में कुल 19 दुकाने है। बस स्टैन्ड में प्राइम लोकेशन में स्थित इन दुकानो को लेकर आए दिन षिकायते सामने आती रहती है। नगर पंचायत में नई सरकार बैठने से पहले ही यंहा शॉपिंग कांप्लेक्स के पाथवे पर दुकानदारो द्वारा अवैध कब्जा कर शटर लगाकर दुकान संचालन करने की शिकायते की गई है। इसकी शिकायत छग शासन के सुशासन तिहार में भी की गई है। जिला प्रशासन इन शिकायतो की जांच भी करा रही है। इसलिए सामान्य सभा में नगर पंचायत परिषद ने पहले इस संदर्भ में जिला प्रशासन द्वारा निर्णय की प्रतीक्षा करने की बात कही।



**बिना अनुमति दुकानो के क्रय विक्रय का मुददा भी उछला**

शॉपिंग कांप्लेक्स के निर्माण के बाद तात्कालिन नगर पंचायत परिषद ने इन दुकानो की नीलामी कराई थी। और सफल बोलीदार को दुकान आबंटित कर इन दुकानो का विधिवत रजिस्ट्रार कार्यालय में पंजीयन भी कराया था। नगर पंचायत परिषद और सफल बोलीदार के मध्य हुए इकरारनामा के आधार पर कोई भी दुकानदार अपनी दुकानो को बिना अनुमति के क्रय विक्रय नही कर सकता है और न ही बगैर अनुमति के किसी तरह का निर्माण कार्य कर सकता है। लेकिन शिकायत की गई है की कुछ दुकानदारो ने अपनी दुकान गैर पंजीकृत इकरारनामा के आधार पर पर क्रय विक्रय कर दिया है।

**दुकान से अधिक पाथवे के किराया को लेकर हुई तीखी बहस**

सामान्य सभा में शॉपिंग काप्लेक्स के दुकानो व पाथवे के किराया को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सीएमओ के मध्य तीखी बहस हो गई। सीएमओ पाथवे पर वर्तमान बाजार मूल्य एवं प्रचलित दर के अनुसार किराया निर्धारण के लिए सुझाव पेश कर रहे थे। यदि सीएमओ के इस सुझाव को परिषद प्रस्ताव पास कर देती तो पाथवे का किराया परिसर की दुकानो से कई गुणा अधिक हो जाती। नगर पंचायत अध्यक्ष ने इस सुझाव को अव्यवहारिक बताया। उन्होने कहा की ऐसे में तो दुकान का किराया सौ रूपए एवं पाथवे का किराया पांच सौ हो जाएगा। ऐसी स्थिती में परिषद का निर्णय असंगत व अव्यवहारिक हो जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष ने निकाय के अधिकारी को पहले इस संदर्भ में कलेक्टर की जांच रिपोर्ट एवं निर्देश प्राप्त कर इसे परिषद की आगामी बैठक में दोबारा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

## शिव सेना द्वारा शिवलिंग अभिषेक वृक्षारोपण गौ सेवको का सम्मान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** 14 जुलाई शिव सेना स्थापना दिवस



पुरे प्रदेश सहित जिले में धूम धाम से मनाया गया शिव सैनिकों ने 12 ज्योति लिंग अभिषेक/वृक्षारोपण/ गौ सेवक चरवाहा का सम्मान किया गया शिव सेना जिला प्रमुख श्री आकाश सोनी ने बताया कि 14 जुलाई छत्तीसगढ़ में शिव सेना स्थापना पुरे प्रदेश सहित जिले में भी धूम धाम से मनाया गया किसान सेना प्रदेश अध्यक्ष श्री राकेश श्रीवास्तव/महामंत्री श्री मनीष तिवारी/राजनांदगांव विधानसभा अध्यक्ष मुकेश कुमार साहू/नीलकंठ यादव/संजय यादव की विशेष उपस्थिति में छत्तीसगढ़ के आम जनता के सुख शांति और समृद्धि के लिए सावन मास प्रथम सोमवार को 12 ज्योति लिंग अभिषेक सुबह से शाम तक गौ सेवक चरवाह का सम्मान गांव गांव जाकर श्री फल भेंट गले में केसारिया गमछा पहना कर सम्मान के किसानों साथ वृक्षारोपण कार्य किया गया शिव सेना के श्री सोनी ने कहा कि गौ हत्या बंद करने/ गौ माता को राजकीय पशु घोषित कर राज माता का दर्जा दिलाने/गौ तस्कर गाड़ी को राजसात करने/ गांव गांव स्थित गौठान में कलेक्टर दर पर दो गौ सेवक की नियुक्ति/गौ हत्या करने वाले पर हत्या का मामला दर्ज करने महा हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा शिव सेना द्वारा 1 लाख हस्ताक्षर अभियान कराने का लक्ष्य रखा गया ये ही वजह की आज शिव सेना द्वारा गांव गांव गौ चराने वाले चरवाहा का सम्मान किया गया।

## नटराज डान्स क्लास द्वारा आयोजित प्रिन्स एन्ड प्रिन्सेस ऑफ राजनांदगांव प्रतियोगिता में फर्स्ट रनरअप रही

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अत्यंत हर्ष की बात है कि गायत्री विद्या पीठ (केसर नगर) की छात्रा कु. श्रद्धा हरिहारनो वेलेनटिना स्टेडियम नटराज डान्स क्लास द्वारा आयोजित प्रिन्स एन्ड प्रिन्सेस ऑफ राजनांदगांव प्रतियोगिता में फर्स्ट रनरअप रही। गायत्री विद्या पीठ जो कि शिक्षा के क्षेत्र में तो अग्रणी है ही साथ ही विद्याथियों के सर्वांगीण विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। विद्यार्थियों को उनकी रुचि व योग्यता के अनुसार समय-समय पर उनका मा़ार्गदर्शन व प्रोत्साहन द्वारा उनकी प्रतिभाओं को निखारने एवं उनको आगे बढ़ने का भी अवसर प्रदान करती है। इसी के चलते आज गायत्री विद्या पीठ के विद्यार्थी प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर विद्यालय व अपने माता-पिता का नाम रौशन कर रहे हैं।कु. श्रद्धा हरिहारनों कक्षा 11वीं (कामर्स) की इस उपलब्धि के लिए शाला परिवार द्वारा विद्यार्थी एवं इनके माता-पिता को शुभकामनाएं दी गई एवं उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना की गई।



## हिंदू जागरण मंच ने डाक कावड़िया का किया भव्य स्वागत

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** सावन पर्व के प्रथम सोमवार डाक कांवड यात्रा मोहरा शिवनाथ नदी से जल लेकर बागेश्वर धाम मंदिर रायपुर नाका पहुंची जहां हिंदू जागरण मंच के द्वारा डाक कावड़िया का पुष्प से स्वागत कर फलाहारी की व्यवस्था की गई। जीवनदान सेवा संस्था ने बताया यह लगातार डाक कांवड यात्रा का तीसरा वर्ष है आयोजनकर्ता शिवगण जहां से संस्था को प्रेरणा मिली , श्री बागेश्वर धाम मंदिर, माँ पाताल भैरवी बर्फानी धाम से श्री राजेश मारू भैया जी,श्री महाकाल मंदिर सिंघोला से श्री पवन डागा भैया जी,हिंदू जागरण मंच से सुशील लडडा भैया जी ,आज पहले सोमवार को विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश अग्निहोत्री जी , राज बहादुर सिंह भैया जी, छत्तीसगढ़िया क्रान्ति सेना के जिला अध्यक्ष विजय साहू जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिला अध्यक्ष मनीष देवांगन जी ने सिटी बजाकर इस यात्रा को प्रारंभ किया एवं 21 जुलाई को मोहराशिवनाथ नदी से जल लेकर माँ शीतला मंदिर बुढा सागर जाएगी इस यात्रा मे जीवनदान सेवा संस्था के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र लाल जंघेल प्रदेश महासचिव हरीश भानुशाली प्रदेश उपाध्यक्ष अभय जंघेल, भारतभूषण वैष्णो ,कोषाध्यक्ष अमर सिंह राजपूत ,आनंद मुदंडा राजनांदगॉव जिलाध्यक्ष अविनाश जैन जिला उपाध्यक्ष अमित चौहान शहर अध्यक्ष रिषभ मल्ल, महेश्वर जंघेल ,यस साहु ,रितेश साहू ,चंदन साहू ,राहुल साहू, सत्यम ओझा ,शिवम ओझा, बेटी चेष्टा जंघेल, मिताली वर्मा, पूर्व जंघेल,अनुज,नितिन ,दुर्गेश,दिव्यांश,कमलेश डर्सेना आदि उपस्थित थे।



## बच्चों ने की अपने फादर के साथ फायरलेस कुकिंग

### युगांतर के प्राइमरी विभाग द्वारा शानदार गतिविधि का आयोजन

**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षा, खेल और संस्कृति के क्षेत्र में अग्रणी संस्था युगांतर पब्लिक स्कूल में प्राइमरी विभाग के विद्यार्थियों ने अपने फादर के साथ फायरलेस कुकिंग विद्यालय के निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी की उपस्थिति में की। बच्चों ने अपने फादर के साथ गैस चूल्हे की सहायता के बिना स्वादिष्ट व्यंजनों का निर्माण कर सबका मन मोहा। बच्चों के फादर ने अपनी शानदार पाक-कला का प्रदर्शन किया। प्राय: घर में मदर्स के द्वारा पाक कला की जाती है, विद्यालय में इस तरह फादर्स को पाक कला करते देखकर सभी आश्चर्य और खुशी से आल्हादित हो गए। इस शानदार गतिविधि में राजनांदगाँव के कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर भुरे ने भी पालक रूप में सहभागिता दर्ज की और बच्चों का उत्साहवर्धन किया। यह आकर्षक गतिविधि विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर और हैड मिस्ट्रेस विनीता तिलवानी के मार्गदर्शन में विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों और उनके फादर के सहयोग से सफलतापूर्वक आयोजित हुई। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चे अपने फादर के साथ सलाद डेकोरेशन, सैंडविच, माक टैल्स निर्माण, बिस्किट की सजावट, विविध प्रकार के केक का निर्माण, स्वास्थ्यवर्धक अंकुरित चने तथा सभी प्रकार के सलाद का निर्माण करना सीखा। यही नहीं उन्होंने विविध प्रकार की नैचुरल साफ्ट शीतल पेय बनाना भी सीखा। हॉस्टलर विद्यार्थियों के लिए खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने में मैस इंचार्ज ने सहयोग प्रदान किया। यह सारी शानदार गतिविधि प्रतियोगिता के रूप आयोजित हुई, जिसकी निर्णायिका प्रिया जैन, शिल्पा जैन, रूचि बरडिया, सुषमा अग्रवाल रही। इस दौरान बच्चों और उनके फादर को स्मृति चिन्ह और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



## भगवान श्री कृष्ण जी की जन्मोत्सव मनाने बैठक संपन्न हुआ

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूम-धाम से मनाने बसंतपुर भवन में नगर कोसरिया यादव समाज की बैठक 13 जुलाई दिन रविवार को संपन्न हुई जिससे समाज के संगठन प्रभारी भोला यादव ने बताया कि बैठक की शुरूआत ईष्टदेव भगवान श्री कृष्ण जी पूजा अर्चना के साथ हुआ सभी पधारे हुए अतिथियों पदाधिकारियों एवं सदस्यगणों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। वरिष्ठ पदाधिकारियों सदस्यों व महिला पदाधिकारियों ने अपनी बात रखी। जिसमें आयोजन के संबंध में सभी ने सर्वसम्मति से इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाने का निर्णय लिए निर्णय लिया गया। शोभा यात्रा 16 अगसत दिन शनिवार को दोपहर 1 बजे से स्थान महारानी लक्ष्मी बाई स्कूल के पास से भगवान श्री कृष्ण जी की शोभा यात्रा एवं झांकी निकाली जायेगी। इस बैठक में प्रमुख रूप से नगर अध्यक्ष सूरज यादव, महिला नगर अध्यक्ष सुश्री मधु यादव, सचिव धरम यादव कोषाध्यक्ष विजय यादव ,जिलाअध्यक्ष मन्ना यादव, जिला महिला अध्यक्ष शीला यादव महिला मंडल से मंजू यादव, केशर यादव ,संतोषी यादव, हिरौदिन यादव, सुनीता यादव, कामिनी यादव, रागिनी यादव, कांता यादव, रजनी यादव,निर्मला यादव, बुधिया यादव, फिरन्तीन यादव, शोभा यादव, रूमखणी यादव, सुनीता यादव, पुष्पा यादव, सुशीला यादव, भारतीय यादव एवं नारायण यादव, पूनाराम यादव, शेखर यादव, मन्नु यादव, बलीराम यादव, राजेश यादव, दुष्यंत यादव, दिलीप यादव, भूपेन्द यादव, सुखराम यादव, वासुदेव यादव, कवि लाल यादव मुकेश यादव, मानसिंग यादव, रोहित यादव बसंत यादव, राकेश यादव, आनंद यादव, भूषण यादव, अर्जुन यादव आदि कार्यकर्तागण इस बैठक में उपस्थित थे।



## कुमारी दिप्ती चैरे का सब इंजीनियर पद पर हुआ चयन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आदिवासी बहुल मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चैकी जिले के अंबागढ़ चैकी विकासखण्ड के ग्राम भगवानटोला के होनहार छात्रा कुमारी दिप्ती चैरे का लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में सब इंजीनियर के पद पर चयन होने से वनांचल पर हर्ष व्याप्त है। कुमारी दिप्ती चैरे प्रारंभ से होनहार विद्यार्थी रही है, वे अभी हाल में ही छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मंडल द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के उप अभियंता पद हेतु आयोजित परीक्षा को उत्तीर्ण कर उप अभियंता के पद पर चयनित हुई है। कुमारी दिप्ती चैरे की प्रारंभिक शिक्षा श्री गुरूनानक हायर सेकण्डरी स्कूल राजनांदगांव से हुई है। इसके पश्चात् वे युगांतर इंस्टीट्यूट ऑफटेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट राजनांदगांव से सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक की उपाधि प्राप्त की है। कुमारी दिप्ती चैरे के पिता श्री पुरूषोत्तम चैरे आरक्षक के पद पर पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय राजनांदगांव में पदस्थ है। इसके साथ ही उनकी माता श्रीमती चंद्रिका चैरे एक गृहिणी है। वनांचल के बहुत ही साधारण परिवार की छात्रा की महत्वपूर्ण पद पर चयन होने पर वनांचल के लोगों के साथ-साथ उनके शुभचिंतकों एवं परिजनों ने उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर प्रशंसा व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। कुमारी दिप्ती वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य लोक सेवा आयोग सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की भी तैयारी कर रही है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर के अलावा अपने गुरूजनों, माता-पिता, परिजनों तथा शुभचिंतकों को दी है। दिप्ती ने कहा है कि कठिन परिश्रम एवं साकारात्मक सोच एवं धैर्य तथा लगन से जीवन में कोई भी उपलब्धि हासिल करना असंभव नही है।



## धर्म समाचार....

# सावन सोमवार व्रत के दिन शिवलिंग पर चढ़ाएं ये चीजें, चमकेगी फूटी किस्मत

वैदिक पंचांग के अनुसार इस सावन की शुरुआत 11 जुलाई से हुई है। इस माह महादेव और मां पार्वती की पूजा-अर्चना करने का खास महत्व है। साथ ही विशेष चीजों के द्वारा शिवलिंग का अभिषेक किया जाता है। इससे शिव जी प्रसन्न होते हैं और साधक की किस्मत चमकती है।



सनातन धर्म में सावन के महीने को अधिक महत्वपूर्ण माना गया है। इस माह भक्त शिव जी की विशेष पूजा-अर्चना करते हैं। सावन में पड़ने वाले सोमवार का भी किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस व्रत को करने से विवाह में आ रही बाधा से छुटकारा मिलता है। साथ ही मनचाहा वर मिलता है। सावन का पहला सोमवार व्रत 14 जुलाई को है। अगर आप सावन सोमवार व्रत के दिन भगवान शिव की कृपा प्राप्त करना चाहते हैं, तो सुबह स्नान करने के बाद महादेव की पूजा-अर्चना करें और विशेष चीजें अर्पित करें। इससे साधक की सभी मुरादें पूरी होती हैं और महादेव की कृपा से बिगड़े काम पूरे होते हैं। सावन सोमवार के दिन शिवलिंग पर विधिपूर्वक गन्ने का रस चढ़ाना चाहिए। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, शिवलिगं का गन्ने का रस अभिषेक करने से धन लाभ के योग बनते हैं और दरिद्रता की समस्या से छुटकारा मिलता है। अगर आप महादेव की कृपा प्राप्त करना चाहते हैं, तो सावन सोमवार के दिन सुबह स्नान करने के बाद भगवान शिव की पूजा-अर्चना करें। साथ ही शिवलिंग पर केसर जरूर चढ़ाएं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस उपाय को करने से जातक के मान-सम्मान में भी बढ़ोतरी होती है और महादेव प्रसन्न होते हैं और साधक की सभी मुरादें पूरी होती हैं। अगर आप लंबे समय से जीवन में दुख और संकट का सामना कर रहे हैं, तो इस परेशानी से छुटकारा पाने के लिए सावन सोमवार का दिन शुभ माना जाता है। इस दिन पूजा के दौरान शिवलिंग पर 21 बेलपत्र अर्पित करें। इस उपाय को करने से साधक को सुख-समृद्धि का आशीर्वाद भी मिलता है। साथ ही बिगड़े काम पूरे होते हैं।

**शिव मंत्र**

1. सौराष्ट्रे सोमनाथं च श्रीशैले मल्लिकार्जुनम्।
उज्जयिन्यां महाकालं ओम्कारम् अमलेश्वरम्॥
परल्यां वैद्यनाथं च डाकिन्यां भीमशङ्करम्।
सेतुबन्धे तु रामेशं नागेशं दारुकावने॥
वाराणस्यां तु विश्वेशं त्र्यम्बकं गौतमीतटे।
हिमालये तु केदारं घुश्मेशं च शिवालये॥
एतानि ज्योतिर्लिङ्गानि सायं प्रात: पठेन्नर: ।।

2. ? त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्।
उर्वारुकमिव बन्धनान् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात॥

## कैसे हुई रुद्राक्ष की उत्पत्ति? भोले बाबा से क्या है संबंध, जानें क्या हैं इसे पहनने के लाभ..

सावन का पवित्र माह शुरू हो चुका है. इस महीने भगवान शिव की भक्ति और उपासना का विशेष महत्व माना जाता है. भोलेनाथ को समर्पित यह मास भक्ति, तपस्या और श्रद्धा का प्रतीक है. इस माह भगवान शंकर की कृपा उनके भक्तों पर बरसती है. इस दौरान प्रकृति चारों ओर हरियाली से सराबोर रहती है. इस महीने में कई लोग रुद्राक्ष धारण करते हैं. रुद्राक्ष दो शब्दों से बना है च्च्रुद्रज्ज् और च्च्अक्षज्ज, जहां रुद्र का अर्थ च्च्शिवज्ज् और अक्ष का अर्थ च्च्भगवान शिव की आंखज्ज. रुद्राक्ष की उत्पत्ति कथा भगवान शिव से जुड़ी है. रुद्राक्ष की उत्पत्ति को लेकर कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं. भगवान शिव की पूजा में रुद्राक्ष का भी विशेष महत्व है. सावन में रुद्राक्ष को विधि विधान से धारण करने से त्रिदेवों का आशीर्वाद मिलता है. उज्जैन के आचार्य आनंद भारद्वाज से जानते हैं कि रुद्राक्ष की उत्पत्ति कैसे हुई ? इसके पीछे की पौराणिक कथा क्या है. सनातन धर्म में रुद्राक्ष को काफी पवित्र चीजों में से एक माना गया है. इसको धारण करने के कई लाभ होते हैं. साथ ही शिव शंकर का रुद्राक्ष धारण करने वालों को विशेष लाभ मिलता है. इसे धारण करने से मानसिक शांति, सुरक्षा और भगवान शिव का आशीर्वाद मिलता है.



nandgaon times JULAI-15-1.qxd 7/15/2025 12:03 AM Page 4






# एक पेड़ शिव के नाम लगाकर हरित झांकी के साथ निकली कावड़ यात्रा

## महापौर आयुक्त कोमल सिंह हुए शामिल पूर्व आयुक्त का हुआ सम्मान









**राजनांदगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** संस्कारधानी में प्रथम सोमवार को सृष्टि के कल्याण पर्यावरण संरक्षण के हेतु वृक्षारोपण करके निकाली गई कावड़ यात्रा । श्री शिवमंदिर मोहारा व श्री बागेश्वर धाम मंदिर में महापौर मधुसूदन यादव पूर्व महापौर अजीत जैन आयुक्त अतुल विश्वकर्मा पूर्व आयुक्त चंद्रकांत कौशिक जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, डॉ. डी.सी.जैन सोहनलाल गुप्ता, विष्णु साव द्वारा वृक्षारोपण किया गया । उक्त जानकारी देते हुए श्री बागेश्वर धाम मंदिर सेवक व पर्यावरण संरक्षण गतिविधि के सदस्य पंकज गुप्ता, मयंक शर्मा, भावेश अग्रवाल,सूरज गुप्ता, राजेश शर्मा, निकुंज सिंघल, विजय गुप्ता, सौरभ खण्डेलवाल ने बताया कि भावेश अग्रवाल, सनातन धर्म मे वृक्षों को देवतुल्य माना गया है, वृक्ष की पूजा की जाती है इसी धर्मार्थ जनकल्याणकारी उद्देश्य से आज प्रथम सोमवार की हरित कांवड़ यात्रा में वृक्षारोपण किया गया, व भगवान शिव की विशाल मूर्ति के साथ सृष्टि संरक्षण हेतु वृक्षारोपण जल संरक्षण के संदेश व कांवड़ व श्री बागेश्वर धाम कांवड़ यात्रा के चारों विषय के संदेश लगे हुए थे । जो कि भगवान भोलेनाथ, पर्यावरण संलग्न कर संस्कारधानी में प्रथम बार बनाई गई थी । जनसामान्य में अत्याधिक पसंद की गई । नंदई चौक में जिला भाजपा की अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत द्वारा साथियो सहित कांवड़ यात्रियों का पुष्पवर्षा कर अभिनंदन स्वागत किया गया । पर्यावरण सरंक्षण व वृक्षारोपण के सार्थक प्रयास हेतु पूर्व कमीश्नर वर्तमान ए.डी.एम. बालोद चंद्रकांत कौशिक जी का बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट व पर्यावरण सरंक्षण गतिविध द्वारा सम्मान किया गया तथा वर्तमान आयुक्त अतुल विश्वकर्मा को भी प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया । सम्मान समारोह का संचालन पंकज गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन निकुंज सिंघल द्वारा किया गया । श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट व सहयोगी संस्थाओं द्वारा कांवड़ यात्रियों का आभार व्यक्त करते हुए, ट्रस्ट के अजय गुप्ता,श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता मौसमी शर्मा, कांति मौर्य राज गुप्ता, सौरभ गुप्ता, महेश शर्मा , ,प्रतीक गुप्ता आदि के द्वारा सिंदूर तिरंगा कांवड़ यात्रा में जो राष्ट्र प्रेम, देशभक्ति, राष्ट्र के सैनिकों व पुलिस जवानों का सबल बढ़ाने के लिए निकाली जावेगी समस्त संस्कारधानीवासियो से अधिकाधिक संख्या मे शामिल होने का अनुरोध किया है । उक्त जानकारी बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट के सेवक सूरज गुप्ता द्वारा दी गई ।

# मुआवजा दो फिर विकास करो : लखोली के पीड़ितों के साथ कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने पहुंचे निखिल द्विवेदी



**राजनांदगांव ( नांदगाँव टाइम्स )।** लखोली वार्ड के सैकड़ों पीड़ित परिवारों की आवाज़ कांग्रेस नेता निखिल द्विवेदी ने उठाई। पुराने मुआवज़े की मांग को लेकर द्विवेदी ने लखोली के रहवासियों के साथ कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और प्रशासन को चेताया कि च्पहले पुराना मुआवज़ा दो फिर विकास करोज्। निखिल द्विवेदी ने कहा कि वर्ष 2012-13 में चौड़ीकरण के नाम पर कई गरीबों के मकान तोड़े गए थे लेकिन आज तक उन्हें एक रुपया मुआवज़ा नहीं दिया गया। च्गरीबों ने गहना बेचकर अपने घर दोबारा बनाए, अब फिर से पीडब्ल्यूडी और नगर निगम के अधिकारी घर तोड़ने की तैयारी में लगे हैं। भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार गरीबों के घर उजाड़ रही है, अगर इतनी ही हिम्मत है तो अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई करके दिखाए,ज्ज् उन्होंने तीखा सवाल किया।वार्ड की पीड़िता सुरेखा सोनकर ने भावुक होकर कहा, च्पति नहीं है, एक बेटा है। 2012 में जबरन मकान तोड़ा गया। गहना बेचकर नया घर बनाया और उसमें दुकान चलाकर जीवन चला रही हूं। अब फिर से नापजोख कर रहे हैं, तो घर ही टूट जाएगा। हम कहां जाएंगे? इसी तरह अन्य पीड़ित महिलाएं - मालती सोनकर, नीलू सोनकर व अन्य ने भी कहा कि अगर घर उजड़ गया तो हमारा गुज़ारा कैसे होगा? उन्होंने सरकार से इंसाफ की गुहार लगाई। इस मामले में कलेक्टर सर्वेश भूरे ने कहा, च्यह विषय मेरे संज्ञान में नहीं था और अभी तक कोई मुआवज़ा राशि जारी नहीं हुई है। यदि कोई योजना आती है, तो पीड़ितों को मुआवज़ा देकर न्याय किया जाएगा। इस अवसर पर कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी गोपी रजक, पूर्व पार्षद मनीष साहू, महेश साहू, दीनू साहू, शुभम शुक्ला, हर्ष साहू, मोहित कोचर, चुन्नीलाल सोनकर, दुर्गा साहू, संजय सोनी, नितेश आहूजा, काशी शर्मा, प्रवीण बघेल, सौरभ सोनी समेत बड़ी संख्या में लखोली के लोग उपस्थित रहे।


## सीईओ जिला पंचायत ने पशु चिकित्सालय राजनांदगांव का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि



सिंह ने शासकीय पशु चिकित्सालय राजनांदगांव का निरीक्षण किया। सीईओ जिला पंचायत ने पशु स्वास्थ्य एवं उपचार के संबंध में उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें राजनांदगांव एवं चिकित्सालय में पदस्थ सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से विस्तृत चर्चा की। चिकित्सालय परिसर में पशुओं के शल्यक्रिया के लिए पर्याप्त सुविधा प्रदाय करने निर्देशित किया गया। चिकित्सालय में पदस्थ समस्त स्टाफको समय पर पशु चिकित्सालय में नियमित रूप से उपस्थित रहकर पशुओं के समुचित तरीके से उपचार करने कहा। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवायें को पशु चिकित्सालय परिसर में बने शल्यक्रिया कक्ष को चिकित्सकों की सुविधा अनुसार सुधार करने के लिये निर्देशित किया गया।

# वैष्णव राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने दुग्धाधारी मठ मंदिर दर्शन किया





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अखिल भारतीय वैष्णव ब्राम्हण सेवा संघ के राष्ट्रीय कार्यकारिणी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने रायपुर में आयोजित बैठक के दौरान छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध श्री दुग्धाधारी मठ मंदिर में भगवान श्री सीताराम जी, श्री स्वामी बालाजी भगवान संकट मोचन हनुमान जी का दर्शन किया। महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास जी महराज ने मंदिर के ऐतिहासिक पृष्ठ भूमि का परिचय दिया एवं आर्शीवचन संदेश में राजेश्री महंत जी ने दुग्धाधारी मठ के महान परम्पराओं के संवाहक होने का उत्तरदायित्व प्राप्त होने की बात कहते हुए यह भगवान श्री बालाजी एवं इस मठ के पूर्वाचार्यो की कृपा बताया उनके आशीर्वाद से जो भी सेवा करने का अवसर मुझे प्राप्त उसे पूर्ण करने का हर संभव प्रयास करता हूँ। छुईखदान राज परिवार के लाल जे.के. वैष्णव ने राजेश्री महंत रामसुंदर दास जी के प्रसिद्धि के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बहुत से वैष्णव परिजन भगवान की पूजा स्थल पर राजेश्री महंत जी का फोटो रखकर पूजा करते है पुछने पर जानकारी दी की हम उनके प्रसिद्धि सुनकर श्रद्धाभाव से गुरू मानते हुए पूजा करते है। राष्ट्रीय कार्यकारिणी पदाधिकारियों को वैष्णव बैरागी राजाओं के समृद्ध इतिहास की जानकारी देते हुए लाल जे.के. वैष्णव ने ठाकुर वीरेन्द्र बहादुर सिंह पत्रकार द्वारा लिखित पुस्तक छुईखदान परत दर परत पुस्तक लिखने की एवं नरेश स्वामी निम्बार्क हरियाणा लिखी पुस्तक महंत बने महाराजा पुस्तक की प्रति अवलोकन प्रदान करते हुए बैरागी राजाओं पर लिखी पुस्तक की जानकारी साझा किया। कार्यक्रम संचालन करते हुए धर्म स्तंभ काऊसिंल के सभापति डाक्टर सौरभ निर्वाणी ने सनातन पुर्नजागरण वैष्णव परम्परा मठ मंदिरों की रक्षा का संकल्प लेते हुए उचित निर्णय लेने की बात कही। इस अवसर पर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष यू.के. स्वामी दिल्ली, विष्णुदत्त शर्मा कोटा,पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष पी.एल.बैरागी भोपाल,महासचिव ओ.पी. बैरागी इंदौर, विद्या वैष्णव राजस्थान, गिरधर गोपाल निबावत, राकेश दास रिसदा, श्रीमती आशा राघवेन्द्र दास, श्रीमती प्रज्ञा डॉ. सौरभ निवार्णी, दिनेश बैरागी, रजनीश वैष्णव, परमेश्वर वैष्णव सहित मुख्तियार सुखराम दास जी, रामछबि दास जी, निर्मलदास वैष्णव जी, हर्ष दुबे सहित बड़ी संख्या में वैष्णवजन उपस्थित होकर मंदिर परिसर में भोग भंडारा भोजन प्रसाद प्राप्त किये। तत्पश्चात अनुष्ठान रेसीडेन्सी में स्थित मंदिर में भगवान श्री लक्ष्मीनारायण जी का दर्शन किये।




प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com